Place: Kolkata
Date : 02.02.2019

Punjab & Sind Bank
A Govt. of India Undertaking, Zonal Office : 8, Jwaladevi Building, Lalbagh, Lucknow

E-AUCTION SALE NOTICE

PUBLIC NOTICE FOR E-AUCTION FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTY
LAST DATE AND TIME OF SUBMISSION OF EMD AND DOCUMENTS ON/BEFORE 12 MARCH, 2019 UPTO 4:00PM
DATE AND TIME OF E-AUCTION 13 MARCH, 2019, 11.30 AM TO 1.30 PM

Sale of immovable property mortgaged to Bank under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (No. 54 of 2002)

Whereas, the Authorized Officer of Punjab & Sind Bank has taken possession of the following property pursuant to the notice issued under section 13(2) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 in the following loan account with right to sell the same on **"AS IS WHERE IS BASIS "AND" AS IS WHAT IS BASIS"** for realization of Bank's dues plus interest as detailed hereunder and whereas consequent upon failure to repay the dues, the undersigned in exercise of power conferred under section 13(4) of the said Act proposes to realize the Bank's dues by sale of the said property. The sale will be done by the undersigned through E-Auction platform provided at the web portal **(https://www.disposalhub.com/PSB).**

S. No.	Name of the Borrower and Guarantor	Demand notice dt. / Symbolic Possession dt. / Amt. Claimed in Notice	Immovable Property Description of the	Reserve Price (Rs) / EMD(Rs) / Bid Increase Amt(Rs)	Details of Accounts in which EMD Amount is to be deposited	Last Date & Time of EMD / Date & Time of E-auction	Name & Contact Details of Authorized Officer
	Branch : Charbagh, Lucknow						
1	**Borrower: Smt.Mamta Mishra W/o Shri Sharad Kumar Mishra,** R/o 2/29 Rajni Khand, Sharda Nagar Yojna,Raebareli Road, Lucknow. **Guarantor: (1). Shri Ashutosh Shukla S/o Shri Shiv Prakash Shukla,** R/o 592 Jha/339, Rathindra Nagar Kharika, Near Durga Mandir, Teli Bagh, Lucknow. **(2). Shri Sharad Kumar Mishra S/o Shri Jag Mohan Mishra,** R/o 2/29 Rajni Khand, Sharda Nagar Yojna, Raebareli Road, Lucknow	31.07.2017 / 11.01.2018 / Rs. 19,67,317.64 as on 30.06.2017 + intt. & other Charges w.e.f. 01.07.2017	All the part & parcel of the property consisting of House No. E-2/170, Sector-L, LDA Colony, Kanpur Road, Lucknow. **Owned :** Smt. Mamta Mishra W/o Shri Sharad Kumar Mishra, **Measuring Area:** 322.80 sq.ft. or 30 sq.mt. **Bounded: East:** House No.2/169, **West:** House No. 2/171, **North:** House No.2/166, **South:** 6.00 mt wide road.	₹ 13,00,000.00 / ₹ 1,30,000.00 / ₹ 10,000.00	IFSC Code: PSIB0000916 Punjab & Sind Bank B/O Charbagh Lucknow A/C- 09105039026001	12 March 2019 upto 4:00 PM / 13 March 2019 11:30 AM to 1:30 PM	Shri Surath Gaigaria Chief Manager Zonal Office: Lalbagh, Lucknow Mob: 6390017639

TERMS AND CONDITION OF E-AUCTION:

The Property shall be sold on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"**

1. Auction sale / bidding shall only be done through **"Online Electronic Mode"** through Bank's approved service provider **M/s Nexxen Solutions Private Limited (+91-124-4233933, +91-9810029926, Mr. Amarnath Kumar-7376762939, Email Support-support@disposalhub.com)** at the web portal **https://www.disposalhub.com/PSB.** E-auction Tender Document containing E-auction bid form, Declaration, General Terms and Conditions of online auction sale are available at portal site. The intended bidders who have deposited the EMD and require assistance in creating Login ID and Password, uploading data, submitting bid, training on E-bidding process, etc may contact the above mentioned contact numbers.
2. The e-auction advertisement does not constitute and will not be deemed to constitute any commitment or any representation of the Bank. The property is being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the Bank. The Authorized Officer/Secured Creditor shall not be responsible in any way for any third party claims/rights/dues. However, the intending bidder should make their own independent inquiries regarding the encumbrances, title of property put on auction and claims/ rights/ dues affecting the property.
3. The successful bidder shall have to deposit 25% of the bid amount immediately including the earnest amount already deposited. The remaining 75% of the bid amount has to be deposited within 15 days from the date of confirmation of sale.
4. In case of default in depositing 25% of the bid amount or balance 75% of the prescribed amount within the time limit as mentioned at point no. (3) the amount already deposited will be forfeited and secured asset will be resold.
5. The prospective qualified bidders may avail online training on E-Auction from **M/s Nexxen Solutions Private Limited,** prior to the date of E-Auction. Neither the Authorised Officer/ Bank nor **M/s Nexxen Solutions Private Limited,** shall be liable for any Internet Network problem and the interested bidders to ensure that they are technically well equipped for participating in the E-Auction event.
6. The bidders are advised to go through the detailed Terms & Conditions of E-Auction available on the Website **https://www.disposalhub.com/PSB** of **M/s Nexxen Solutions Private Limited** before submitting their bids and taking part in the E-Auction. **Contact Person- Amar Nath Kumar- 7376762939.**

STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER SARFAESI ACT, 2002

Note : The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

Date : 03.02.2019.
Place : Lucknow
Authorised Officer, PUNJAB & SIND BANK

For USS GLOBAL LIMITED
Company Secretary

नया इंडिया
दिल्ली

सोमवार से खुलेगा मुगल गार्डन

नई दिल्ली,वार्ता। राष्ट्रपति भवन का मशहूर मुगल गार्डन में 04 फरवरी को 'उद्यानोत्सव' की शुरुआत होगी और 06 फरवरी से यह आम लोगों के लिए खुल जायेगा। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद हर साल आयोजित होने वाले इस 'उद्यानोत्सव' की शुरुआत 04 फरवरी को करेंगे। इसके बाद 10 मार्च तक मुगल गार्डन आम लोगों के लिए खुला रहेगा। दर्शक सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक इसकी सैर का कर सकेंगे। मुगल गार्डन पहुंचने वाले दर्शक स्प्रीचुअल गार्डन, हर्बल गार्डन, बोनसाई गार्डन तथा म्यूजिकल गार्डन देख सकेंगे। मुगल गार्डन जाने वाले यात्रियों के लिए इस साल से ऑन लाइन बुकिंग सुविधा भी शुरू की गयी है। ऑनलाइन बुकिंग सात दिन पहले भी की जा सकती है। बुकिंग करने पर मोबाइल नम्बर देना जरूरी है और एक मोबाइल से एक ही टिकट बुक किया जा सकता है। बुकिंग सोमवार से शुक्रवार तक सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक की जा सकेगी जबकि शनिवार तथा रविवार को सुबह नौ से 11 बजे तक बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग पर राष्ट्रपति भवन के गेट संख्या 35 से गार्डन में प्रवेश किया जा सकता है। मुगल गार्डन का मुख्य आकर्षण इस बार प्रदर्शनी मंच है जिसे फूलों के कालीन से सजाया गया है।

मजेंटा लाइन पर मेट्रो सेवा बाधित

नई दिल्ली,वेबवार्ता। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की मजेंटा लाइन पर शनिवार को सेवा बाधित हेतु इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करके दी है। सुबह-सुबह दफ्तर जाने वाले यात्रियों को ओखला एनएसआईसी से कालिंदी कुंज तक जाने वाली मेट्रो में खामी के चलते देरी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो के मुताबिक मजेंटा लाइन के अलावा बाकी सभी लाइनों पर सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को भी मेट्रो एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पहुंचने में काफी देर लग रही थी। यमुना बैंक के एक प्लेटफार्म पर मरम्मत के काम के कारण उसे बंद किया गया था उसकी वजह से लाइन के स्लो होने की बात कही जा रही थी। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पहुंचने में ब्लू लाइन को छह से सात मिनट तक का समय लग रहा था। हालांकि कुछ देर के बाद यमुना बैंक से वैशाली और नोएडा सिटी सेंटर से आगे मेट्रो सेवा बहाल हो गई थी।

केन्द्र की उपलब्धियों को घर-घर ले जाएंगे

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा, आप और कांग्रेस दिल्ली के विकास में बाधक।

नई दिल्ली ■ संवाद सूत्र

भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी लोकसभा की ओर से शनिवार को 2019 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शहरी केन्द्र संयोजक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, निगम पार्षद सहित सभी शहरी केन्द्र संयोजक मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी भोलानाथ विज, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को 2019 का लक्ष्य दिया। राष्ट्रीय महामंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस सम्मेलन की शुरुआत उत्तर पूर्व जिला से हुई जो विजय का संकेत है। कांग्रेस के कुशासन को नरेन्द्र मोदी ने जड़ से उखाड़ने का काम किया और इसके साथ-साथ पांच वर्ष में कांग्रेस के वंशवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार को भी जड़ से मिटाने का प्रयास किया।

कांग्रेस ने कर्जदार देश का निर्माण किया जहाँ कर्ज चुकाने के लिए कर्जा लेने की जरूरत पड़ती थी। आज मुद्रालोन के तहत करोड़ों हुनरमंद लोग सरकार के सहयोग से अन्य लोगों को रोजगार दे रहे हैं। पहले टैक्स और कर्ज लेकर लोग भाग जाते थे। मोदी सरकार ने ऐसे कानून बनाये जिससे कि पैसा वापस आ रहा है, टैक्स भी जमा हो रहा है और देश का विकास भी हो रहा है। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि जनधन के खाते खोले गये और बिचौलियों पर लगाम लगायी गयी। दिल्ली के अंदर भारत के हजार टुकड़े का नारे लगाने वालों के साथ बैठकर राहुल गांधी देश को शर्मसार कर रहे थे और आज जब नरेन्द्र मोदी देश को प्रगतिपथ पर आगे ले जा रहे हैं तो बिना नेता, मुद्दा विहीन गठबंधन मोदी को क्यों और किसकी सह पर हराना चाहता है, यह सोचने का विषय है।

प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि 2019 का चुनाव आप लोगों के दम पर लड़ा जाने वाला है। यह चुनाव हमें पूरी शक्ति से लड़ना है, राजनीति को जिन्होंने वर्षों तक अपने भ्रष्ट आचरण से कलंकित किया उनको पराजित कर आप लोगों ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, तो उन्होंने गांव, गरीब, किसान, व्यापारी, युवा, अमीर सबको साथ लेकर विकसित भारत की तस्वीर दुनिया के सामने रखी। यह तस्वीर अभी अधूरी है, जिसे आपने पूरा करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को नारा दिया अब की बार 400 के पार। लोकसभा प्रभारी भोलानाथ विज ने कहा कि आज का आयोजन लोकसभा चुनाव का शंखनाद है जिसकी शुरुआत केन्द्र सरकार के जनहितकारी अंतरिम बजट पेश कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने संसद में कर दिया। भय-भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार के विकास अभियान से वर्षों से भ्रष्टाचार की पोषक पार्टियां भयभीत है और एकजुट होकर अंजाम से बचना चाहती हैं। हमारा शत्रु झूठ के प्रचार में माहिर है, झूठा श्रेय लेने के लिए सिग्नेचर ब्रिज पर तिवारी को धक्का मारने वालों को दिल्ली की सत्ता से धक्का मारना है। हमें शल्य नहीं श्रीकृष्ण जैसा सारथी बनना है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, योगिता सिंह, गुंजन नरूला, मीनाक्षी, गजेंद्र यादव, जिला प्रभारी ब्रह्म सिंह तंवर, लोकसभा चुनाव संयोजक अरुण बंसल, जिला अध्यक्ष अजय महावर, कैलाश जैन, लोकसभा विस्तारक सूर्यभान पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार बल्लन, डा. अनिल गुप्ता, हर्षदीप मल्होत्रा सहित सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष निगम पार्षद उपस्थित थे।

अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर बदमाशों ने की लूटपाट

नई दिल्ली ■ वेबवार्ता

राजधानी दिल्ली में सड़क, घर व ऑफिस के बाद अब मेट्रो स्टेशन भी सुरक्षित नहीं रह गया है। ताजा मामला अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन का है। यहां पर बदमाशों ने दुकान के कर्मचारियों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट की और वारदात को अंजाम दिया। कार से आए बदमाशों ने दुकान से हजारों की नकदी और चाकलेट लेकर फरार हो गये।

दुकान के मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हैं। पुलिस के अनुसार शाहदरा के रहने वाले गौरव कुमार (29) अक्षरधाम मेट्रो पर स्थित रिटेल आउटलेट 24 सेवेन में बतौर मैनेजर काम करता है। गौरव की ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह पांच बजे तक की थी। देर रात करीब साढ़े तीन बजे दुकान में गौरव तीन कर्मचारी और एक गार्ड के साथ मौजूद थे। इसी दौरान चार युवक दुकान में घुस गये। दो बदमाशों के पास पिस्तौल थे। हथियार के बल पर उन्होंने सभी को एक कोने में कर दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश दुकान के कैश काउंटर के पास पहुंच गये और उसमें से 40 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं दूसरे बदमाश ने दुकान से 20 से 25 हजार रूपए की चाकलेट उठा ली और सभी बाहर खड़े होंडा कार में सवार होकर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और यमुना बैंक मेट्रो थाना में लूटपाट का केस दर्ज किया गया। पुलिस घटनास्थल पर मिले सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान करने में जुटी हैं।

इंसाफ करने में पुलिस को लग गए आठ वर्ष

नई दिल्ली,वेबवार्ता। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को आठ वर्ष पहले हुई महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपितों को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन जांच में जो बाते सामाने आई उससे पुलिस महकमा खुद हैरान है। क्राइम ब्रांच ने मकान से कब्जा हटाने के लिए महिला किराएदार की सुपारी किलिंग करवाने वाले एक वकील को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वकील के दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है जिसमें एक सुपारी किलर है। वकील ने मकान मालिक से तीस लाख रुपये लेकर वारदात को अंजाम दिलाया और महिला के शव को उस्मानपुर के यमुना खादर में ठिकाने लगा दिया। घटना के आठ साल बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर हत्या के रहस्य से पर्दा हटाया। पुलिस ने महिला की पहचान मॉडल टाउन निवासी किरण अग्रवाल के रूप में की।

यह कैसी पुलिस ने की जांचः उत्तर पश्चिमी जिले के मॉडल टाउन इलाके में महिला को अगवा कर आठ साल पहले हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में दो थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर एक तरफ जहां महिला के लापता होने की तस्वीर डाली थी तो वहीं दूसरी तरफ महिला का शव मिलने का फोटो डाला हुआ था, लेकिन 8 साल तक किसी पुलिसकर्मी ने इनका मिलान नहीं किया, जिसकी वजह से यह केस अनसुलझा ही रहा। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर 2011 को महिला का शव न्यू उस्मानपुर इलाके से बरामद हुआ।

फटाफट

दिल्ली की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेसः शीला

नई दिल्ली,भाषा। आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन की संभावना को एक बार फिर खारिज करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शीला दीक्षित ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, हमें सातों सीटों पर चुनाव लड़ना है। किसी के साथ कोई गठबंधन का कोई विचार नहीं है। यह पूछे जाने पर कि उम्मीदवारों की सूची कब जारी होगी तो उन्होंने कहा, अभी तो चुनाव तिथि का एलान नहीं हुआ है। उम्मीदवारों की घोषणा समय पर हो जाएगी। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा, हम आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोनों को निशाना बनाएंगे। दोनों हमारे प्रतिद्वंदी हैं। शीला ने कहा कि हम दिल्ली की स्थिति के मुताबिक अपनी रणनीति बनाएंगे।

वयोवृद्ध पत्रकार बनारसी सिंह का निधन

नई दिल्ली,भाषा। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बनारसी सिंह का शनिवार को निधन हो गया। सिंह 85 साल के थे। सिंह के परिवार के सदस्यों ने बताया वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और गाजियाबाद के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। सिंह ने शनिवार की सुबह अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी और चार पुत्र हैं। सिंह का शनिवार दोपहर को लोधी रोड स्थित शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया गया। बनारसी सिंह का जन्म नौ जुलाई 1933 को उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के गोमावान बलालपुर गांव के एक किसान परिवार में हुआ था। समाचार पत्र 'वीर अर्जुन' से पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले सिंह समाचार एजेंसी 'यूनीवार्ता' के समाचार संपादक रहे और वहां से 1993 में सेवानिवृत्त हुए। सिंह के नाम पर दस पुस्तकें दर्ज हैं। इनमें 'सन सत्तावन के भूले शहीद' और 'लंदन में गोली' उल्लेखनीय है।

मेट्रो लाइन के पास से लाखों की केबल चोरी

नोएडा,भाषा। अत्याधुनिक तकनीक से बनी भूमिगत व एलिवेटेड दिल्ली मेट्रो रेल की पटरी के पास बिछी कीमती कॉपर केबल को अज्ञात चोरों ने फिल्मी स्टाइल में बीती रात को काट लिया। चोरी की गई केबल की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। इस घटना के खुलासे के लिए नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद पुलिस की कई टीमें लगी हैं। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के जूनियर इंजीनियर विजय कुमार पाटिल ने शनिवार को थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने बीती रात को बॉटनिकल गार्डन के पास से रेलवे पटरी के नदजीक बिछी कॉपर की कीमती केबल को काट लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जो केबल चोरी की गई है उसकी कीमत लाखों में है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले का जल्द खुलासा कर लिया जाएगा। नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद की कई पुलिस टीमें चोरों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। पुलिस को शक है कि इस चोरी में डीएमआरसी के कुछ लोगों की भी मिलीभगत हो सकती है।

बजट में दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार

उप मुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा आप सांसद संसद में मामला उठाएंगे।

नई दिल्ली ■ भाषा

दिल्ली सरकार ने शनिवार को केंद्र सरकार पर बजट में दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। आप सरकार ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बजट में मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के लिए 'कोई प्रावधान नहीं' किया।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप के सांसद इस मुद्दे को लोकसभा और राज्यसभा में उठाएंगे। इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार और अरविंद केजरीवाल नीत दिल्ली सरकार के बीच ताजा टकराव शुरू हो सकता है।

हालांकि अभी तक इस पर केंद्र सरकार ने प्रतिक्रिया नहीं दी है। सिसोदिया ने आरोप लगाया, आवासन एवं शहरी कार्यालय मंत्रालय ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण को लेकर पहले

काफी हो-हल्ला मचाया था। लेकिन हमने जब बजट देखा तो यह चौंकाने वाला था। मेट्रो के चौथे चरण के लिए कोष की जरूरत थी, जिसकी उपेक्षा की गई। दिल्ली मेट्रो को 2019-20 के बजट में 414.70 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है, जबकि मौजूदा वित्त वर्ष में यह 50 करोड़ है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के सूत्रों के अनुसार यह अनुदान नोएडा एवं गाजियाबाद नेटवर्क के लिए है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने हैप्पीनेस करिकुलम को शिक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि सरकार की इस पहल को न केवल छात्र बल्कि शिक्षक भी काफी उत्साहित हैं। मनीष सिसोदिया शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए हैप्पीनेस करिकुलम को राष्ट्र निर्माण की पहल बताया।

उन्होंने कहा कि ये दिल्ली की शिक्षा क्रांति है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के शुरू होने के बाद बच्चों का उत्साह और खुशी से पता चलता है कि सुनहरा भविष्य दिल्ली के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।

सिसोदिया ने कहा कि हैप्पीनेस करिकुलम के तहत प्रतिदिन 45 मिनट का एक पीरियड होता है। इसमें पांच मिनट के मेडीटेशन के बाद बच्चों को कहानियों के जरिए अच्छी बातें सिखाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मेडीटेशन बच्चों को गुस्सा, नफरत और ईर्ष्या जैसी नकारात्मक भावनाओं से बचाए रखने में मदद करता है।

डीएनडी पर किसानों का धरना समाप्त

नोएडा,भाषा। डीएनडी फ्लाईवे पर पिछली रात से चल रहा किसानों का धरना शनिवार दोपहर को समाप्त हो गया। जिलाधिकारी बीएन सिंह के लिखित आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त किया। किसान नेता मनवीर तेवतिया ने बताया कि जिलाधिकारी बृजेश नारायण सिंह ने उन्हें लिखित आश्वासन दिया है कि वह एक सप्ताह के अंदर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसानों की मुलाकात करवाएंगे। जिसमें उनकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ 3 दिन के अंदर बैठक करके किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। तेवतिया ने बताया कि जिलाधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद किसान नेता डीएनडी पर चल रहे धरने को समाप्त करके वापस लौट गए। जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के किसान कल शाम से ही नोएडा व दिल्ली को जोड़ने वाले डीएनडी फ्लाईवे पर धरने पर बैठे थे।

इंडिया गेट पर नमो सहभोज आयोजित किया

नई दिल्ली ■ संवाद सूत्र

दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम पराशर झा के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः 2019 में देश का दायित्व सौंप कर प्रधानमंत्री बनाने हेतु विजय संकल्प लेकर नमो सहभोज का सफल आयोजन देश के गौरव इण्डिया गेट पर किया।

महिला मोर्चा की सैकड़ों बहनों को केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने सम्बोधित व सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, पुष्पा राजपूत, श्याम बाला कार्यक्रम संयोजक रेनु सिंह, सभी जिला अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित हुई।

महिला मोर्चा की बहनों को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि हम सभी भारतवासियों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हमारे पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है जिनके सकारात्मक विचारों की लोकप्रियता देश ही नहीं विदेशों में देखी जा सकती है।

आज से पूर्व की सरकारों ने देश को उस स्थिति में खड़ा कर दिया था जिसमें गरीब की कोई सुनवाई नहीं होती थी लेकिन 2014 में भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनते ही अद्वितीय बदलाव हम सभी ने देखा।

स्वच्छ भारत अभियान से देश को स्वच्छता की ओर ले जाने की पहल मोदी सरकार ने की व शौचालय निर्माण कर महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया। प्रधानमंत्री जनधन योजना से समाज के सभी वर्गों को विशेष कर महिलाओं को बैंक से जोड़कर उन्हें आर्थिक समृद्धि दी।

दिल्ली में 60 हजार लोगों के पास शस्त्र लाइसेंस

नई दिल्ली ■ वेबवार्ता

राजधानी में रहने वाले करीब 60 हजार लोगों को अपनी जान का खतरा है। सुनने में यह अजीब लगे लेकिन यह सच है। इन लोगों ने अपनी जान की सुरक्षा के लिए हथियार रखे हुए हैं और बाकायदा इसका लाइसेंस भी ले रखा है। पुलिस के द्वारा लाइसेंस मिलना इस बात की पुष्टि करता है कि उन्हें हथियार की आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार दिल्ली में बड़ी संख्या में कारोबारी, बिल्डर, नेता, अभिनेता रहते हैं। इनमें से काफी संख्या में लोगों की रंजिश भी रहती है।

यह रंजिश कारोबारी से लेकर कई बार निजी भी रहती है। इस रंजिश के चलते काफी लोगों को अपनी जान का खतरा बना रहता है। बड़े नेता भी अपने पास सुरक्षा के मद्देनजर हथियार रखते हैं। इसके चलते वह दिल्ली पुलिस के लाइसेंसिंग यूनिट से हथियार का लाइसेंस लेते हैं। वहीं इस कड़ी में सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हैं। 60 हजार लोगों को जारी है लाइसेंस लाइसेंसिंग के संयुक्त आयुक्त प्रभाकर ने बताया कि दिल्ली में 60 हजार लोगों ने हथियार का लाइसेंस ले रखा है। यह लाइसेंस तीन वर्ष के लिए दिया जाता है। प्रत्येक तीन वर्ष के बाद पुलिस के पास लाइसेंस नवीनीकरण के लिए जाना पड़ता है। उस समय एक बार फिर पुलिस आंकलन करती है और इसके बाद ही लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाता है। अभी तक यह काम मैन्युअल तरीके से किया जाता था, लेकिन कल से इसे ऑनलाइन शुरू किया गया है।

दिल्ली में सुरक्षा को छोड़ अन्य कारणों से भी लाइसेंस लिया जाता हैं। इनमें से एक बड़ा कारण रोजगार का है, सुरक्षा में काम करने वाले लोग भी हथियार का लाइसेंस लेते हैं। इसके अलावा घर में कुछ लोग सजावट के लिए भी दुनाली बंदूक रखते हैं। दो दिन पूर्व ही ऑनलाइन सुविधा हुई थी शुरू दो दिन पूर्व ही पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में लाइसेंस ऑनलाइन सेवा का उद्घाटन किया।

यह सेवा एक फरवरी से आम लोगों के लिए शुरू हो गई है। पुलिस आयुक्त ने बताया था कि अभी तक हथियार का लाइसेंस पाने के लिए लोगों को कई दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। पहले उन्हें अपने जिले के डीसीपी ऑफिस में आवेदन देना होता था, वहां से लाइसेंसिंग विभाग में आवेदन करना पड़ता था।

दिल्ली पुलिस की सूझबूझ से उत्तराखंड की छात्रा की बची जिन्दगीः उत्तराखंड में नाना-नानी से झगड़े के बाद 15 वर्षीय छात्रा भागकर दिल्ली आ गई। पैसे खत्म होने पर वह भूखी-प्यासी रोते हुए दरियागंज इलाके में घूम रही थी। इससे पहले कि वह इलाके में सक्रिय स्मैकियों की नजरों में आती। मध्य जिले के डीसीपी ऑफिस में कार्यरत कॉन्स्टेबल हरिओम राणा ने उसे देख लिया। उसे कुछ शक हुआ और छात्रा को दरियागंज थाने में ले आया। जिसके बाद दरियागंज पुलिस टीम ने ऑपरेशन मिलाप चला कर कुछ ही घंटों में छात्रा के परिजनों को ढूंढ निकाला। फिलहाल पुलिस ने छात्रा को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

मध्य जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार इतना साफ था कि छात्रा घर से भागकर आई है लेकिन उस वक्त उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कुछ भी ठीक से बता नहीं पा रही थी। तुरंत एसीपी गीतांजली खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छात्रा के पास एक स्कूल बैग था। पुलिस ने किताब और नोट बुक का एक-एक पन्ना छान मारा। एक पेज पर फोन नंबर लिखा मिला। पुलिस ने उस पर कॉल किया तो पता चला कि वह नंबर लड़की के पिता का है। पुलिस ने उन्हें सारी बात बताई और दिल्ली बुला लिया, जिसके बाद छात्रा का मेडिकल कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। बेटी को पाकर परिजनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था।

पुलिस वाले के खूनी बेटे ने चाकू घोपकर ली जानः साउथ रोहिणी के अवंतिका मार्केट में शुक्रवार रात एक पुलिसकर्मी के बेटे और उसके दो साथियों ने एक युवक की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। जबकि उनके हमले में दूसरा युवक बाल-बाल बच गया वारदात के वक्त तीनों बदमाश एक युवक से उसकी स्कूटी व मोबाइल लूट रहे थे। इस दौरान पीड़ित ने एक अन्य युवक से सहायता मांगी थी, तो वह उसकी सहायता करने चला गया था। तभी लूटपाट के दौरान बदमाशों ने उस पर चाकू से वार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वारदात के बाद मृतक के परिवार वालों ने थाने पर पुलिस पर भेदभाव करने जैसे गंभीर आरोप लगाकर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया और मार्केट को बंद रखा।

For USS GLOBAL LIMITED
Company Secretary